**A–0116**

**Total Pages : 3** **Roll No. ........................**

# BAHL 301

## BACHELOR OF ARTS (BA)

## हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं काव्यशास्त्र

Examination, June 2025

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 70

***नोट*** :- यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर–पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

### खण्ड–क

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** 2×19=38

***नोट*** :- खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. साहित्येतिहास से आप क्या समझते हैं? हिन्दी साहित्येतिहास की लेखन परंपरा पर निबंधात्मक लेख लिखिए।

2. आदिकाल के नामकरण के वैविध्य पर प्रकाश डालते हुए आदिकाल की प्रमुख प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए।

3. भक्ति काव्य का वर्गीकरण करते हुए भक्तिकाव्य की सामान्य विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

4. हिन्दी गद्य के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

5. काव्य लक्षणों का उल्लेख करते हुए भारतीय एवं पाश्चात्य आचार्यो के अनुसार काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

**खण्ड–ख**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4×8=32

***नोट*** :- खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. आदिकालीन धर्माश्रित साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

2. भक्ति आंदोलन के उदय की पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त में प्रकाश डालिए।

3. निर्गुण भक्तिकाव्य प्रगतिशील चेतना का काव्य है, टिप्पणी लिखिए।

4. रीतिकाव्य से क्या आशय है ? रीतिकालीन काव्य की विभिन्न काव्य धाराओं का परिचय दीजिए।

5. आधुनिक हिन्दी काव्य के विभिन्न काव्यांदोलनों का नामोल्लेख करते हुए सामान्य प्रवृतियों का परिचयात्मक विवरण दीजिए।

6. स्वतंत्रयोत्तर हिन्दी कविता के विभिन्न आंदोलनों और प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

7. काव्य हेतु से क्या अभिप्राय है ?

8. अलंकार किसे कहते हैं ? किसी एक अलंकार का उदाहरण दीजिए।

**************